मूल्य: एक रूपया

कामधेनु स्टील

# इस्पात संदेश

आई एस ओ 9001–2000 सम्मानित कंपनी कामधेनु इस्पात लिमिटेड की गृह पत्रिका, वर्ष–11, अंक–9, नवम्बर 2010

**किसी भी तरह की व्यापारिक जानकारी हेतु टोल फ्री कामधेनु हेल्प लाइन – 1800 1800 545**

# पंजाब डीलर्स मीटिंग में दिवाली का जश्न

**डीलर्स के साथ सहयोग बढ़ाने का कंपनी का प्रयास**

कामधेनु इस्पात लिमिटेड में हर समारोह को पूरे उत्साह के साथ मनाया जाता है। कंपनी सदैव अपने सहयोगियों के साथ खुशियां बांटने को तत्पर रहती है। कंपनी



द्वारा दिवाली पर्व का जश्न 28 अक्टूबर, 2010 को लुधियाना के महाराजा रीजेन्सी होटल में आयोजित पंजाब राज्य के डीलरों की मीटिंग में मनाया गया। इस समारोह में कामधेनु इस्पात लिमिटेड के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल, जी.एम. (मार्केटिंग) श्री वी.के. गहलौत, सीनियर जी.एम. श्री दिलीप मेहरा और ए.जी.एम. श्री विवेक माहेश्वरी प्रदेश में कंपनी के फ्रेंचाइजी सहयोगी इकाईयों के निदेशकों श्री रमेश गोयल, श्री अश्विनी गर्ग और श्री विनय गुप्ता तथा डिस्ट्रीब्यूटरों श्री प्रदीप गर्ग, श्री आनन्द मित्तल व श्री दिनेश राठी के साथ मौजूद थे। उन्होंने वहां उपस्थित 200 से अधिक डीलरों को सम्मेलन को सफल बनाने के लिए धन्यवाद दिया तथा दिवाली की शुभकामनाएं प्रेषित की ।

समारोह की शुरूआत कामधेनु परिवार के हर कार्यक्रम की भांति तिलक और गणेश पूजा के साथ हुई। इसके पश्चात कंपनी की प्रबंधन समिति और डीलरों के बीच प्रदर्शन, समस्याओं और कंपनी की रोज़मर्रा की कार्यशैली से जुड़े मुद्दों पर मंथन व खुली परिचर्चा हुई तथा तदानुसार भविष्य के कार्यकलापों का निर्धारण किया गया। इसके बाद एक शानदार लंच और उपहार वितरण समारोह हुआ। यहां पर कामधेनु इस्पात लिमिटेड के विभिन्न उत्पादों की प्रदर्शनी के लिए अनेकों स्टाल भी लगाये गये थे।




समस्त कामधेनु परिवार को शुभकामनाएं देते हुए श्री सुनील अग्रवाल ने कहा, "कामधेनु इस्पात लिमिटेड एक ऐसे परिवार की तरह है जहां एक सदस्य दूसरे सदस्य को विकास के मार्ग पर आगे बढ़ाता है और इस प्रकार सब साथ–साथ आगे बढ़ते हैं। हमारी ईश्वर से प्रार्थना है कि हमारा संबंध इसी प्रकार फलदायक साबित होता रहे। कंपनी की ओर से मैं आप सभी को दिवाली की शुभकामनाएं देता हूँ।"


समारोह के अन्त में सभी ने एक–दूसरे को दिवाली की शुभकामनाएं दी तथा भविष्य में बेहतर सहयोग के साथ और अधिक लगन से कार्य कर कंपनी को विकास की नई ऊँचाईयों पर ले जाने का संकल्प किया। इ

## भारतीय टेनिस का उभरता सितारा- सोमदेव देवबर्मन



निरन्तर श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए भारतीय टेनिस खिलाड़ी सोमदेव देवबर्मन ने न सिर्फ देश का नाम रोशन किया है बल्कि विश्व टेनिस में भी भारतीय प्रतिभा का परचम लहराया है। सोमदेव बचपन से ही प्रतिभाशाली रहे हैं। इसका पहला उदाहरण साल 2004 में कोलकाता एफ2 चैंपियनशिप में देखने को मिला जब उन्होंने मात्र 19 वर्ष की आयु में अपने शानदार खेल से सबका ध्यान आकर्षित किया। वर्तमान में सोमदेव अपनी बेहतरीन फॉर्म में हैं। उन्होंने हाल ही में समाप्त हुए 19वें राष्ट्रमण्डल खेलों में शानदार प्रदर्शन कर भारत को स्वर्ण पदक जिताया था। इस समय चीन में चल रहे 16वें एशियाई खेलों में भी सोमदेव भारतीय टेनिस इतिहास के सुनहरे अध्याय लिख रहे हैं। वे एशियाई खेलों में पुरुष सिंगल्स स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय बने हैं। पूरे देश को उनसे भविष्य में भी इस प्रकार के स्वर्णिम प्रदर्शन की आशा है।

## भारत ने किया संरक्षणवादी नीतियों का विरोध



नवम्बर माह में दक्षिण कोरिया की राजधानी सिओल में आयोजित जी–20 सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए भारत के प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने विकसित राष्ट्रों द्वारा अपनायी जा रही संरक्षणवादी आर्थिक नीतियों का पुरजोर विरोध किया। अपना पक्ष रखते हुए उन्होंने कहा कि भारत मुक्त, स्थायी और नियमानुसार हुई अन्तर्राष्ट्रीय आर्थिक प्रगति का पुरजोर समर्थक है। इसके लिए आवश्यक है कि समस्त विश्व समुदाय संरक्षणवादी नीतियां त्यागकर विश्व स्तर पर सभी को आर्थिक विकास के समान अवसर उपलब्ध कराए। सभी देशों को अपने राष्ट्र हितों व अन्तर्राष्ट्रीय बिरादरी के प्रति जिम्मेदारियों के बीच सामंजस्य बनाए रखने की कोशिश करनी चाहिए। विश्व में अमन, शांति और खुशहाली बनाए रखने के लिए इस दिशा में शीघ्र कदम उठाना अतिआवश्यक है।

## भारत की चमक देख ओबामा हुए अभिभूत



इस बार दिवाली की रोशनी की रौनक भारत के साथ–साथ अमेरिका में भी खूब हुई। अमेरिका के पहले अश्वेत राष्ट्रपति बनकर इतिहास रचने वाले श्री बराक ओबामा ने अपनी पत्नी श्रीमति मिशेल ओबामा के साथ अमेरिका के राष्ट्र अध्यक्ष के रुप में पहली भारत यात्रा की। राष्ट्रपति बनने के बाद यह उनका किसी देश का सबसे लम्बा दौरा था। वे तीन दिनों तक भारत में रहे और इस दौरान वे मुंबई और दिल्ली के विभिन्न स्थानों पर गए। महात्मा गांधी के दर्शन से गहराई से प्रभावित ओबामा ने बापू से जुड़े विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया जिसमें मुंबई स्थित मणि भवन व दिल्ली स्थित बापू की समाधि राजघाट प्रमुख रहे।

ओबामा का यह दौरा मुख्यतया द्विपक्षीय आर्थिक सम्बन्धों को मज़बूत बनाने के लिए था और इस दौरान कई महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। ओबामा ने भारत की अर्थव्यवस्था के बारे में कहा कि भारत उभरता हुआ नहीं बल्कि मज़बूत देश है। उन्होंने कहा कि एशियाई महाद्वीप में शान्ति और समृद्धि लाने के लिए भारत की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है।

उन्होंने आतंकवाद के मुद्दे पर भारत का पक्ष स्वीकारते हुए पाकिस्तान को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि पड़ोसी मुल्क को भारत के खिलाफ आतंकवादी गतिविधियों के लिए अपनी ज़मीन का प्रयोग नहीं करने देना चाहिए। इससे भी महत्वपूर्ण भारतीय संसद के दोनों सदनों को संयुक्त अधिवेशन में संबोधित करते हुए उन्होंने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थाई सीट की भारत की मांग का भी समर्थन किया। भारत की मेहमान नवाज़ी से भी वे काफी प्रसन्न दिखे। पूरी यात्रा के दौरान ओबामा दम्पत्ति भारत के रंगों में रंगी नज़र आई। आशा की जाती है कि इस यात्रा के बाद भारत और अमेरिका के संबंध और प्रगाढ़ बनेंगे जो पूरे विश्व के लिए हितकारी साबित होंगे। इ

# हिमाचल प्रदेश में हैं विकास की ढेरों सम्भावनाएं: राकेश मिसरी

**राज्य में कामधेनु इस्पात लिमिटेड की स्थिति का जी.एम. (स्टील) कर रहे हैं आंकलन**



हिमाचल प्रदेश सदैव से कामधेनु इस्पात लिमिटेड के सबसे मज़बूत क्षेत्रों में से एक रहा है। आधारभूत संरचना व निर्माण से संबंधित हमारे सभी उत्पादों को राज्य के उपभोक्ता पूर्ण विश्वास के साथ स्वीकार करते हैं। यह हमारे उत्पादों की असाधारण गुणवत्ता और हमारे फ्रेंचाइजी सहयोगियों, डीलरों, डिस्ट्रीब्यूटरों सहित अन्य सभी व्यवसायिक सहयोगियों के अथक प्रयासों का नतीजा है।

पिछले दशक में हमने राज्य में अपने मार्केटिंग नेटवर्क को बहुत सुदृढ़ किया है। इस राज्य में हमारे दो महत्वपूर्ण फ्रेंचाइजी सहयोगी– रेडियंट कास्टिंग व हिम एलोयज एण्ड स्टील (प्रा.) लिमिटेड मौजूद हैं। इनके बहुमूल्य सहयोग से हम क्षेत्र से आने वाली उत्कृष्ट गुणवत्ता के स्टील उत्पादों की विशाल मांग को पूरा करने में सफल रहे हैं।

प्रदेश में कामधेनु इस्पात लिमिटेड की लोकप्रियता हमारे सहयोगियों द्वारा राज्य में हमारे उत्पादों की बिक्री बढ़ाने के लिए किये गये समर्पित प्रयासों का फल है। कंपनी ने भी उनके प्रयासों को पूरे उत्साह के साथ पुरस्कृत किया है। हमने उन्हें विकास के अनेकों अवसर मुहैया कराये हैं। हाल ही में आयोजित की गयी ताशकंद, बैंकाक, स्पेन और नीदरलैण्ड की अन्तर्राष्ट्रीय यात्राएं इस बात के कुछ उदाहरणों में से है।

हमें आशा है कि हमारा यह साथ भविष्य में हम सभी के लिए और भी फलदायक सिद्ध होगा और आने वाले समय में हम अपेक्षा से भी अधिक उन्नति करेंगे। इ

# पंजाब डीलरों ने की दक्षिण अफ्रीका की यात्रा

**प्रमोशनल स्कीम के दौरान योग्य चुने गये 44 डीलर गये हफ्ते भर लम्बी इस यात्रा पर**



विकास के मार्ग पर निरन्तरता के साथ आगे बढ़ने के लिए स्व–उत्साहित टीम के सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता होती है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए कामधेनु इस्पात लिमिटेड ने पंजाब राज्य के अपने फ्रेन्चाइजी सहयोगियों मैसर्स आर के इण्डस्ट्रीज व वर्धमान आदर्श प्रा. लि. के सहयोग से प्रदेश के अपने डीलरों के लिए दक्षिण अफ्रीका की हफ्ते भर लम्बी एक यात्रा का आयोजन किया। इस यात्रा का आयोजन कंपनी ने अपने डीलर्स को प्रमोशनल स्कीम के दौरान किये गये शानदार प्रदर्शन को जारी रखने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए किया था। स्कीम के तहत 44 डीलर इस यात्रा पर गये।

ग्रुप ने यात्रा की शुरूआत 19 अक्टूबर, 2010 को की तथा वहां से उनकी वापसी 25 अक्टूबर, 2010 को हुई। यात्रा के दौरान ग्रुप ने अफ्रीका महाद्वीप की सबसे तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था दक्षिण अफ्रीका के दो सबसे सुन्दर शहरों– केप टाउन और जोहन्सबर्ग का भ्रमण किया। कामधेनु इस्पात लिमिटेड के ए.जी.एम. श्री विवेक माहेश्वरी तथा डिस्ट्रीब्यूटर्स श्री आनन्द मित्तल व श्री सुबोध सिंघला कंपनी के विशेष प्रतिनिधि के रुप में इस यात्रा पर गये।

यात्रा के दौरान डीलर्स समूह ने काफी मौज–मस्ती की। कंपनी द्वारा यात्रा के दौरान किये गये प्रबंधों से वे काफी खुश हुए और इसके लिए उन्होंने कामधेनु इस्पात लिमिटेड का हार्दिक आभार व्यक्त किया। इ

RNI. No.: DELHIN/2000/4124,     Postal Regn. No. DL (E)-01/5006/2009-11



# कोरबा में इंजीनियर्स मीटिंग का आयोजन

**क्षेत्र में इंजीनियरों का विश्वास जीतने के लिए आयोजित कार्यक्रम में भारी संख्या में पहुँचे इंजीनियर्स**



आधारभूत संरचना के विकास में इंजीनियर्स का महत्वपूर्ण योगदान रहता है अतः उनका विश्वास जीतना किसी भी कंपनी की सफलता के लिए अतिआवश्यक होता है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए कामधेनु इस्पात लिमिटेड ने छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के निकट स्थित शहर कोरबा में एक इंजीनियर्स मीटिंग का आयोजन किया। इस आयोजन को सफल बनाते हुए कोरबा इंजीनियर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री राजेश साहू वहां उपस्थित रहे। कामधेनु इस्पात लिमिटेड की रायपुर शाखा से ए.जी.एम. श्री जितेन्द्र शर्मा व श्री विशाल अग्रवाल कोरबा–रायपुर क्षेत्र में कंपनी के डीलर मैसर्स गणेश एण्टरप्राइजेज के श्री राजेश मोदी के साथ मीटिंग में भाग लेने पहुँचे।

सभा में उपस्थित इंजीनियर्स को सम्बोधित करते हुए श्री शर्मा ने कहा, "कामधेनु इस्पात लिमिटेड को सदैव अपने उत्पादों की गुणवत्ता के लिए जाना जाता रहा है। हम इस बात को भली–भांति समझते हैं कि किसी भी भवन की मज़बूती के साथ इंजीनियर की ख्याति जुड़ी रहती है। इसलिए हम बेहद मज़बूत और स्थायी उत्पाद बनाते हैं। हम आप सभी के बहुत आभारी हैं कि आप अपने प्रोजेक्टस में हमारे उत्पादों का प्रयोग करते हैं। कामधेनु इस्पात लिमिटेड का आश्वासन है कि हम भविष्य में भी इस प्रकार की गुणवत्ता बनाये रखेंगे।"

सभा में मौजूद सभी इंजीनियर्स अत्याधुनिक तकनीक द्वारा विकसित कामधेनु इस्पात लिमिटेड के उत्पादों के बारे में जानकर बहुत संतुष्ट हुए। इ

# कामधेनु इस्पात लिमिटेड ने की द्वितीय तिमाही के वित्तीय परिणामों की घोषणा

**पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष कंपनी की सकल आमदनी में 38 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी**




नवम्बर माह में स्टील और आधारभूत संरचना क्षेत्र में देश की जानी मानी कंपनियों में से एक कामधेनु इस्पात लिमिटेड ने 30 सितम्बर 2010 में समाप्त वित्तीय वर्ष 2010–11 की द्वितीय तिमाही के वित्तीय परिणाम घोषित किये। वैश्विक आर्थिक मंदी के प्रभावों को पीछे छोड़ते हुए कंपनी की सकल आमदनी पिछले वित्तीय वर्ष की इसी तिमाही में ₹70 करोड़ से ₹27 करोड़ बढ़कर ₹97 करोड़ हो गई है। इस प्रकार पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में कंपनी की सकल आमदनी में लगभग 38 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

इसमें सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि कंपनी पिछले वित्तीय वर्ष में हुई हानि से उभर कर एक बार फिर लाभ की स्थिति में वापस आ गई है। ज्ञात हो पिछले वित्तीय वर्ष की द्वितीय तिमाही में कंपनी ने कर भुगतान के पश्चात ₹1.23 करोड़ की शुद्ध हानि दिखाई थी जो इस वर्ष कर भुगतान के पश्चात ₹25 लाख के शुद्ध लाभ में तब्दील हो चुकी है।

कंपनी के चेयरमैन एण्ड मैनेजिंग डायरेक्टर श्री सतीश अग्रवाल के मुताबिक इस वृद्धि का श्रेय दो वर्ष पूर्व लाँच हुई कंपनी की पेंट्स इकाई के द्वारा किये गए बेहतर प्रदर्शन को जाता है। कंपनी ने अपने स्टील व्यवसाय में भी खासी वृद्धि की है जो उन्नति की राह पर वापस आती देश की अर्थव्यवस्था का परिचायक है।

इन वित्तीय परिणामों से कंपनी आने वाली तिमाहियों में इससे भी बेहतर वित्तीय परिणाम घोषित करने को लेकर आश्वस्त है। चालू वित्तीय वर्ष में कंपनी सम्मानजनक वित्तीय वृद्धि अर्जित करने के लिए तैयार दिखाई पड़ती है। यह कंपनी के सभी सहयोगियों के लिए एक बहुत अच्छी ख़बर है। इ

बेस्ट सपोर्टिंग डीलर ऑफ द मंथ

श्री राजीव गोयल
मैसर्स मनोहर लाल मदन लाल
आयरन मर्चेन्टस
मुखर्जी मार्केट, मण्डी नं. 2
अबोहर, जिला– फिरोज़पुर
फोन: 01634–220308,
9888826472, 9216226472

श्री सतविन्दर सिंह
श्री मोती गर्ग
मैसर्स सतविन्दर सिंह मोती लाल
कॉलेज रोड, पुरानी सब्जी मण्डी,
बरनाला, जिला– संगरूर (पंजाब)
फोन: 01679–243667, 309367,
9417132668, 9417331157

श्री घनश्याम अग्रवाल
मैसर्स घनश्याम स्टील
लोहा मण्डी,
हिसार (हरियाणा)
फोन: 9215577326, 9416477326

Printed at Chandu Press, D-97, Shakarpur, Delhi-110 092

Owned by KIL, L-311, Street No. 7, Mahipalpur Ext., New Delhi - 110037, Ph. 65493417, Published, Printed and Edited by Prashant Kumar, News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi 110092 and published from News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092, Tel: 011- 22726433, Fax: 011-22726450, Email: news1@vsnl.com